कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, लवन 493 526
जिला – बलौदा बाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़)
Phone : 07728-204094, E Mail : lawancollege_2009@rediffmail.com

लवन, दिनांक 8 अगस्त, 2019

## रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

### //सूचना//

समस्त छात्र –छात्राओं को सूचित किया जाता है कि इस महाविद्यालय में कृषि विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन एवं वर्मीकल्चर का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

प्रशिक्षण हेतु इच्छुक छात्र –छात्राऐं ग्रंथालय में अपना पंजीयन कराएँ।.

08.08.19
(अजय मिश्रा)
प्रभारी
रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

08.08.19
(वाय.आर.महिलाने)
I/C PRINCIPAL
GOVT.COLLEGE,LAWAN
Distt.Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

o/c

# शासकीय महाविद्यालय लवन

## रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

24 NOV 2018

### //सूचना//

महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2018 से छ.ग. लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2018 हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं ।

उक्त परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएँ श्री अंकित तिवारी अतिथि व्याख्याता के पास पंजीयन कराएँ ।

24.11.18

प्रभारी
रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

प्राचार्य
I/C PRINCIPAL
GOVT.COLLEGE,LAWAN
Distt.Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, लवन 493 526
जिला – बलौदा बाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़)
Phone: 9425506780, E Mail : lawancollege_2009@rediffmail.com
www.govtcollegelawan.in College Code - 1209


लवन, दिनांक 30/11/2021

---::सूचना::---

समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 13 फरवरी **2022** को राज्य सेवा परीक्षा 2021 आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा हेतु महाविद्यालय में तैयारी कराई जाएगी।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता श्री भोला राम वर्मा, सुश्री महेश्वरी गढेवाल तथा श्री लीला प्रसाद खूटे के पास अपना नाम दर्ज करावें।

टीप– स्नातक अंतिम **वर्ष के छात्र–छात्राएें जो 01.01.2021 को 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों, वे भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।**

(अजय मिश्रा)
प्रभारी–रोजगार मार्गदर्शन एवं
नियोजन प्रकोष्ठ

30.11.2021
(वाय.आर.महिलाने)
**I/C PRINCIPAL**
**GOVT.COLLEGE,LAWAN**
Distt.Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)








CAREER GUIDANCE PROGRAMME BY DR. GAUTAMI BHATPAHARI, 03/10/2016





CAREER GUIDANCE PROGRAMME BY SHRI RAJ CHUNNI SHARMA, 22/10/2016





TELEGRAM GROUP FOR GK STUDENTS (ACROSS THE STATE)





GENERAL KNOWLEDGE WHATSAPP GROUP FOR COLLEGE STUDENTS (BOYS)




GENERAL KNOWLEDGE WHATSAPP GROUP FOR COLLEGE STUDENTS (GIRLS)




GENERAL KNOWLEDGE WHATSAPP GROUP FOR STUDENTS OF BALODA BAZAR DISTRICT




WHATSAPP GROUP FOR CSIR NET LIFE SCIENCES ASPIRANTS (ACROSS THE STATE)






VISIT OF DISTRICT COLLECTOR- RAJESH SINGH RANA(IAS) FOR CAREER GUIDANCE PROGRAMME

नवभारत न्यूज़ 7,9,18




# लवन शासकीय महाविद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

■ नवभारत रिपोर्टर। लवन.

शासकीय महाविद्यालय लवन में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने विगत सत्र में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले एवं अंतर्कक्षा प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पांच-पांच हजार रूपये की सम्मान राशि भेंट की एवं उच्च शिक्षा हेतु आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया.

विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि वे अंचल में शिक्षा के विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं छात्रहित में विशेष रूचि लेकर कार्य करते हैं. जिसका परिणाम है कि अल्प समय में ही शासकीय महाविद्यालय लवन का उन्नयन पी जी महाविद्यालय में रूप में हो रहा है. महाविद्यालय के बाऊण्ड्रीवाल एवं केन्टिन का निर्माण पूर्ण होने वाला है तथा सायकिल स्टैण्ड शीघ्र ही बनाया जाएगा. श्री अग्रवाल ने शासन द्वारा पुस्तक, प्रयोगशाला उपकरण एवं फर्नीचर क्रय करने हेतु स्वीकृत राशियों का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु फण्ड हमेशा उपलब्ध रहेगा. छात्र-छात्राएं अध्ययन में उत्कृष्टता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करें. श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिसर में आम का पौधा रोपित किया.

विदित है कि श्री अग्रवाल द्वारा सत्र 2017 के वार्षिक उत्सव में उक्त घोषणा की गई थी. कार्यक्रम में कुल 42 छात्र-छात्राओं ने सम्मान राशि के रूप में आर्थिक सहायता प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया तथा आगे भी परिश्रम करने की बात कह कर विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वाय. आर. महिलाने ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान सत्र में 570 विद्यार्थी महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी रसायन शास्त्र एवं एम.ए. राजनीति विज्ञान में भी छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है. स्नातक स्तर पर समाजशास्त्र एवं इतिहास की कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं. डीसीए एवं पीजीडीसीए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, मण्डल अध्यक्ष दुर्गा पटेल, बुधराम साहू, पवन साहू, संजय बाजपेयी, पारस ताम्रकार, गिरधारी वर्मा, रामकुमार साहू, प्रभुराम यादव, विजय यादव, रामनाथ यादव, दुर्गेश बाजपेयी, विजयलक्ष्मी यदु, सहदेव जोशी, राघवेन्द्र सराफ, प्रशांत यादव, विकास अग्रवाल, गणेश साहू, प्रणम्य पाण्डेय, अनुपम बाजपेयी वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम. शुक्ला, एल.एन. ध्रुव, डी.एन. बोरकर, अजय मिश्रा, अतिथि व्याख्याता आर.एन. जांगड़े, अंजू पैकरा, जागृति वर्मा, किरण साहू, अंकित तिवारी, चन्द्रकांत भोई, अंजन भोई, बिसनाथ कुमार, कुंजलराम, रविकांत राठौर, बलराम साहू, छात्र-छात्राएं लक्ष्मीकान्त साहू, इन्दजीत बार्वे, विशाल मनहरे, अजय साहू, भोला, प्रदुम साहू, घनेन्द डहरिया, युवराज साहू, अर्जुन, सीमा श्रीवास, लिन्सी कोसरिया, नागेश्वरी वर्मा, मोनिका अग्रवाल, वर्षा साहू, सीमा पटेल, पूर्वा साहू, कनिका साहू, उर्वशी, लिलेश्वरी, भावना साहू, जमुना सहित बड़ी सख्या में नगरवासी उपस्थित थे.



VISIT BY DISTRICT COLLECTOR SHRI KARTIKEYA GOYAL (IAS), SUPERINTENDENT OF POLICE MRS NEETHU KAMAL (IPS), DFO SHRI VISHWESH KUMAR (IFS) AND CEO ZILA PANCHAYAT SHRI S. JAIWARDHAN (IAS) IN SVEEP AND CAREER GUIDANCE PROGRAMME 11/04/2019



7 आसपास [ अभिनव दिशा ]

# महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

# सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम




**बलौदा बाजार-** शासकीय डी के अग्रणी महाविद्यालय बलौदा बाजार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदा बाज़ार कार्तिकेया गोयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव, सी जे एम के.के. सूर्यवंशी, अपर कलेक्टर जोगेंद्र नायक, जिला पंचायत सीईओ आशुतोष पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती इंदिरा देवहारी, एस डी एम सुश्री लवीना पांडेय तथा तहसीलदार गौतम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता विषय पर आधारित रंगोली, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, सामान्य ज्ञान, वाद विवाद आदि विधाओं पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय लवन के छात्र चंद्रप्रकाश साहू, राजू पटेल एवं रोमन मनहरे प्रथम स्थान पर रहे । पेंटिंग में हेमंत कुमार द्वितीय स्थान पर रहे । सभी विजेताओं तथा स्वीप कैंपस एंबेसडर कु. नूतन वर्मा को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया।

## वन सेवा परीक्षा हेतु ऑनलाइन मार्गदर्शन

**लवन.** शासकीय महाविद्यालय लवन एवं जिला ग्रन्थालय बलौदा बाजार के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजन किया गया. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा सितंबर माह में आयोजित होने वाली राज्य वन सेवा परीक्षा के कृषि पाठ्यक्रम हेतु विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार गौराहा वैज्ञानिक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा व्याख्यान दिया गया. उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी सारणी बनाकर अध्ययन करें, जिससे याद रखने में सुविधा होगी. इसके साथ ही धान, गेहूं एवं प्रमुख खाद्यान्न फसलों में होने वाले रोग तथा कीट प्रकोप का अध्ययन भी करें.

**Balodabazar-bhatapara** @BalodaBaza... · 1h

#गढ़बो_नवा_छत्तीसगढ़ शासकीय कॉलेज लवन एवं जिला ग्रंथालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा तैयारी कार्यक्रम का समापन

कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं महासमुंद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल शामिल होकर सभी छात्रों का बढाया उत्साह..

@DPRChhattisgarh @MahasamundDist @HigherEduCgGov



**Ratan Lal Dangi ,IPS**
29 mins ·

रविवार का सदुपयोग
Webinar : Career guidance for Students of Govt College Lavan,Baloda bazar,C.G

https://us02web.zoom.us/rec/share/DMmFNONurY96qkg9aEx
mxc8fBsm5yUUer8g32I7dputMqBd1JGPj3YvBv1wU-j-
k.GvpSAUiZbkjuHCDf
Password q0&0ayU.




# शासकीय महाविद्यालय लवन में सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




लवन(कुबेर भूमि)। शासकीय महाविद्यालय लवन में यूजीसी तथा सीएसआईआर नेट तथा सेट के प्रथम प्रश्न पत्र की तैयारी से संबंधित ऑन लाईन आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने बताया कि महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन तथा नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में राज्य के अनेक महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। सात दिवसों तक नेट के पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे शोध के उपागम, शोध पद्धतियों, शोध नैतिकता, सम्प्रेषण एवं सम्प्रेषण में बाधाएं, तर्क, भारतीय तर्क शास्त्र तथा उच्च शिक्षा प्रणाली, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण आदि विषयों पर सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा द्वारा व्याख्यान दिया गया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदा बाजार, डी आर एस महाविद्यालय कसडोल, एमवीपीजी महाविद्यालय महासमुंद, शास. गुण्डाधुर पीजी महाविद्यालय कोंडागांव, शासकीय महाविद्यालय चिरमिरी, आर आर पीजी कॉलेज सूरजपुर, किरोड़ीमल कॉलेज रायगढ़, डिग्री गर्ल्स महाविद्यालय रायपुर आदि प्रदेश भर के महाविद्यालयों से लगभग 500 छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए.वर्तमान में रोजगार मार्गदर्शन एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा तथा संघ लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा की ऑन लाईन तैयारी कराई जा रही है जिसमे प्रतिदिन 50 से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं।

docs.google.com/forms/d/1snqbJ9dvCzmfdzPR4H0Vu8Cg3qBxGMbujXnQPSLu16E/edit#responses




RATE THE CONTENT OF THE LECTURE

298 responses



# GOVERNMENT COLLEGE LAWAN

# ACTIVITIES OF NSS, RED RIBBON CLUB & ECO CLUB




PLANTATION BY DISTRICT COLLECTOR SHRI RAJESH SINGH RANA 2017



NSS VOLUNTEER HELPING DIVVYANG CITIZEM IN CASTING VOTE
(STATE ASSEMBLY ELECTIONS 2018)



WORLD AIDS DAY 01/12/2018
RED RIBBON CLUB

नवभारत 2,12,18

कोसले, हरीशचंद्र यादव, जितेंद्र डेहरिया, शाला नायक अमरदेव बंजारे, दुर्गेश्वरी साहू, प्रीति जोशी, ईश्वर नारंग, रामेश्वर कुर्रे, ज्ञान पाल ऑग्रे आदि उपस्थित थे.

## महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**लवन.** शासकीय महाविद्यालय लवन में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने किया. रेड रिबन क्लब के प्रभारी व प्राध्यापक अजय मिश्रा ने छात्र छात्राओं को एच आई वी वायरस की उत्पति, सिमियन वायरस से सम्बन्ध तथा एड्स के कारण एवं बचाव की विधियों से अवगत कराया. छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में रेड रिबन आकृति बना कर एड्स से बचाव का सन्देश दिया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ श्रीमती एम शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव, अतिथि व्याख्याता आरएन जांगड़े, कु. जागृति वर्मा, कु. इंदू साहू, पूजा राय, अंजू पैकरा, श्रीमती गुलशन वर्मा, श्रीमती राजकुमारी साहू, अंकित तिवारी, कु. यामिनी वर्मा, कुंजल राम मरार, बलराम साहू आदि उपस्थित थे.



# रेड रिबन क्लब ने विद्यार्थियों को एचआईवी वायरस के बारे में बताया



**लवन|** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब ने विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य वाईआर महिलाने ने की। रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्राध्यापक अजय मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी वायरस की उत्पत्ति सिमियन वायरस से संबंध तथा एड्स के कारण एवं बचाव के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में रेड रिबन आकृति बनाकर एड्स से बचाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव, अतिथि व्याख्याता आरएन जांगड़े, जागृति वर्मा, इंदु साहू, पूजा राय, अंजू पैकरा, गुलशन वर्मा, राजकुमारी साहू, अंकित तिवारी, यामिनी वर्मा, कुंजल राम मरार, बलराम साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।





SWACHHTA SAPATH WITH NAGAR PANCHAYAT LAWAN 28/12/2018



PLANTATION BY NSS VOLUNTEERS ON NEW YEAR 01/01/2019





NSS CAMP AT ADOPTED VILLAGE MUNDA 11 TO 17 JAN 2019



VILLAGE CLEANLINESS DRIVE





CAMP INSPECTION BY DISTRICT COORDINATOR NSS




MEDICAL CAMP AT NSS CAMP MUNDA

हैं, और विभाग से सम्बंधित हर छोटे बड़े ... विभाग की कार्य कुशलता को बयां घटित हुआ था जिसमें
कार्यों के लिये कर्म... करता हैं, जिले में टैक्सी परमिट की गाड़ियों होकर पलटी थी।

कुबेरभूमि 15,1,19

# रासेयो शिविर में दी गई स्वास्थ संबंधित जानकारी

लवन (कुबेरभूमि)। शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुंडा में चल रहे सप्त दिवसीय शिविर में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन से ए



एम ओ श्री मती कविता साहू ने छात्र छात्राओं को एच आई वी संक्रमण, एड्स के कारण एवं विभिन्न लक्षणों के सम्बन्ध में जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, सर्प एवं बिच्छू दंश, कुत्ते द्वारा काट लेने पर एवं सड़क दुर्घटना के समय किए जाने वाले प्राथमिक उपचार से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। छात्राओं हेतु पृथक स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में महाविद्यलय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ श्रीमती मृदुला शुक्ला ने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने स्वस्थ जीवन हेतु आहार की महत्ता बताते हुए कहा कि हमें ऐसा आहार ग्रहण करना चाहिए जिससे ना केवल पेट भरे अपितु पोषण भी प्राप्त हो। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता बलराम साहू ने शिविरार्थियों को किसी समस्या को छुपाने की जगह उपचार करवाने की सलाह दी, कु यामिनी वर्मा, तथा श्रीमती राजकुमारी साहू ने भी अपना उद्बोधन दिया। छात्र छात्राओं ने अंचल में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं जैसे खुजली, कान बहना एवं सिकल सेल एनीमिया आदि के विषय में प्रश्न किए।






INDIA DAY CELEBRATION AT NSS CAMP

नवभारत 17,01,19

# छात्रों ने जाना न्याय और कर्तव्य

**लवन.** शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ग्राम मुंडा में चल रहे सप्त दिवसीय शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा महाविद्यालय के विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि न्यायाधीश अवध किशोर थे. न्यायाधीश ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए. उन्होंने टोनही प्रताड़ना, सामाजिक बहिष्कार, आई टी एक्ट एवं सोशल मीडिया से सम्बन्धित अपराधों के संदर्भ में जानकारी दिया.

LEGAL AWARENESS SESSION AT NSS CAMP

सत्यमेव जयते

National Youth Parliament Festival 2019

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

National Youth Parliament Festival 2019

# युवा संसद – 2019

## जिला : बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

## दिनांक – 28.01.2019

– आयोजक –

## शासकीय महाविद्यालय, लवन

## आपका हार्दिक अभिनंदन है...

# आमंत्रण

मान्यवर,

श्रीमान / श्रीमती ____________________

National Youth Parliament Festival 2019

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

के तत्वाधान में

**युवा संसद – 2019**

जिला : बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

का कार्यक्रम

– मुख्य अतिथि –

**सुश्री शकुंतला साहू जी**

(विधायक – कसडोल विधानसभा क्षेत्र)

– विशिष्ट अतिथि –

**श्री प्रमोद कुमार शर्मा जी**

(विधायक – बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र)

– अध्यक्ष –

**श्री वाय.आर. महिलाने**

(प्राचार्य–शास. महाविद्यालय, लवन)

की उपस्थिति में सम्पन्न होगा

आप सादर आमंत्रित हैं ।

**दिनांक – 28.01.2019, दिन–सोमवार, सुबह – 11.00 बजे से**

**स्थान – शासकीय महाविद्यालय, लवन**

विनीत

**वाय.आर. महिलाने,** प्राचार्य – शास. महाविद्यालय, लवन

**देवानंद बोरकर,** जिला संगठक – राष्ट्रीय सेवा योजना

एवं समस्त महाविद्यालय परिवार

प्रिन्ट पार्टनर,ब.बाजार : 9617 8888 44



कुबेरभूमि 29,1,19

# शासकीय महाविद्यालय लवन में युवा संसद 2019 का आयोजन

**लवन (कुबेरभूमि)।** शासकीय महाविद्यालय लवन में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का युवा संसद 2019 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि



सुश्री शकुंतला साहू विधायक कसडोल, विशिष्ट अतिथि श्री प्रमोद कुमार शर्मा विधायक बलौदाबाजार, श्रीमती सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं श्री डेरहा डहरिया अध्यक्ष नगर पंचायत लवन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य वाय.आर. महिलाने ने की। युवा संसद कार्यक्रम में आतंकवाद पर भारत का वैश्विक दृष्टिकोण, जलवायु परिवर्तन, खेलो इंडिया, डिजिटल इंडिया, समाज में जातिवाद का परिणाम आदि विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में प्रथम कु. शिवांगी अग्रवाल, (जी.जी.यू. बिलासपुर), द्वितीय कमल किशोर जांगड़े (शास. महावि. बिलाईगढ़) तृतीय विकास गुप्ता (शास. विधि महावि. भाटापारा), चतुर्थ दीपक तिवारी (शास. महावि. पलारी) एवं पंचम पंकज कुमार साहू (शास. महावि. पलारी) रहे। चयनित प्रतिभागी 7 फरवरी 2019 को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे इस कार्यक्रम में आयोजन प्रभारी रा.से.यो. जिला संगठक डी.एन.बोरकर, शास. महावि. बिलाईगढ़ से सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुनीता विक्रम कोसले, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन के प्राचार्य एच.एस. जोशी, बलौदाबाजार से संदीप पाण्डेय लवन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एल.एन. ध्रुव, रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा, अतिथि व्याख्याता आर.एन.जॉगडे, कु. जागृति वर्मा, श्रीमती किरण साहू, कुंजलराम मरार, कु. इन्दु साहू, श्रीमती गुलशन वर्मा कार्यालयीन स्टॉफभानु राम वर्मा, देवेश यादव, तिरथ राम भारद्वाज, जनक नंदनी रातड़े, हरीशएवं भूपेन्द्र ध्रुव महाविघालय के छात्र छात्राए आदि उपस्थित रहे।




# शासकीय महाविद्यालय लवन

SVEEP

## जिला : बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)



VISIT BY DISTRICT COLLECTOR SHRI KARTIKEYA GOYAL (IAS), SUPERINTENDENT OF POLICE MRS NEETHU KAMAL (IPS), DFO SHRI VISHWESH KUMAR (IFS) AND CEO ZILA PANCHAYAT SHRI S. JAIWARDHAN (IAS) IN SVEEP AND CAREER GUIDANCE PROGRAMME 11/04/2019

# स्वयंसेवकों ने मनाया बाघ दिवस



**लवन।** शा. महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस व विश्व हैपेटाइटिस दिवस मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की कि आज जारी भारत सरकार की आल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन रिपोर्ट के अनुसार देश में बाघों की संख्या बढ़कर 2967 हो गई है तथा हमने चार वर्ष पूर्व निर्धारित बाघों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या 19 ज्ञात हुई है। विश्व हैपेटाइटिस दिवस के संदर्भ में पुनः संयोजी डीएनए तकनीक से विकसित हैपेटाइटिस टीकाकरण व रोग के लक्षणों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। प्रभारी प्राचार्य वायआर मल्लिलने व जिला संगठक देवानंद चौरकर ने विद्यार्थियों को संबोधित कर संचारित रोगों के प्रति जागरूक किया। आयोजन में झवर सिंह, नामदेव साहू, अजय लोधी, ईश्वर प्रसाद बंदे, दिलीप वर्मा, राजा साहू, प्रांजल पांडेय, आनंदराम आदि उपस्थित थे।

दिनांक – 29 जुलाई 2019

# स्वच्छता के लिए छात्रों ने किया प्रेरित



लक्ष्यभारत रिपोर्टर। लवन.

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय की स्वच्छता इंटर्नशिप के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया.

स्वयं सेवकों ने आवासीय विद्यालय में निवासरत लगभग 280 छात्र-छात्राओं को कक्षाओं, हॉस्टल, खेल मैदान तथा शौचालय में स्वच्छता रखने हेतु प्रेरित किया. साथ ही दैनिक जीवन में प्लास्टिक के सीमित उपयोग, गीला एवं सूखा कचरा पृथक कूड़े दान में रखने की सलाह दी. रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सभी जिले के चयनित विद्यार्थी है. स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से करें. साफ शरीर, गणवेश, नाखून एवं केश आदर्श विद्यार्थी की पहचान होती है.

विद्यालय को स्वच्छता की दृष्टि से आदर्श परिसर बनाने में अपना योगदान दें. कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य सियाराम पाठक, शिक्षक गिरीराज सिंह, स्वाति, यशोदा, श्वेता सिंह, मनीष कुमार, हेमपुष्पा, प्रमोद कुमार झा, एनडीओ रॉकी जांगरा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अर्पित वर्मा, कमला साहू, भोला राम, सावित्री, पूजा दहरिया, ईश्वर प्रसाद बन्दे, दिलीप वर्मा, टेकन वर्मा, रोहित साहू, झवर सिंह, चंद्रकली ध्रुव, नूतन वर्मा, प्रकाश चंद सेन, मंजूषा पांडेय, ललिता, त्रिवेणी ध्रुव, पुष्पा टंडन, हेमन्त कुमार, अंजली साहू, एलवंतिन कुर्रे, वरुण वर्मा आदि उपस्थित थे.

दिनांक – 23 जुलाई 2019




PLANTATION BY ECO CLUB 13/08/2019



नाथ वर्मा, हलधर वर्मा आदि उपस्थित थे.

## स्वच्छता विषय पर हुई परिचर्चा नवभारत 18,8,19

**लवन.** शा. महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत लवन में स्वच्छता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डेरहा डहरिया एवं अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने किया. नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मी लखन डोंगरे एवं अहिल्या डोंगरे को नगर की सेवा हेतु सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में श्री डहरिया ने लवन के पन्द्रह वार्डों को स्वच्छ रखने हेतु किये गये प्रयासों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. श्रीमती मृदुला शुक्ला, सहायक प्राध्यापक आर के खांडेकर ने भी परिचर्चा में अपने विचार रखे. रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया. कार्यक्रम में स्वयंसेवक दिलीप कुमार वर्मा, हेमन्त सेन, दिल कुमार, आर्यन वर्मा, नागेन्द्र जायसवाल, राजा बाबू, रंजिता, टेकन वर्मा, नूतन वर्मा, प्रमोद दास, नामदेव साहू, वरुण वर्मा, सरोजिनी साहू, कमला साहू, अंजली साहू, लखी कुर्रे आदि उपस्थित थे.

## रक्षाबंधन हर्ष उमंग के साथ मनाया गया





PLANTATION OF HOME CONSUMED MANGO FRUIT SEEDS



PLANTATION BY NSS VOLUNTEERS




WASTE SEGREGATION WORKSHOP BY NAGAR PANCHAYAT LAWAN – NSS




FELICITATION OF SWACHHTA KARMCHARIS OF NAGAR PANCHAYAT LAWAN (13/08/2019)



PLANTATION IN CAMPUS BY SHRI DERHA DAHARIYA
PRESIDENT NAGAR PANCHAYAT LAWAN



CAMPUS CLEANLINESS DRIVE BY NSS VOLUNTEERS

शासकीय महाविद्यालय लवन की एनएसएस इकाई और ईको क्लब ने की पहल

# वृक्ष मित्र बने छात्रों ने रोपे 200 पौधे, ली सुरक्षा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन के ईको क्लब के सदस्यों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रभारी प्राचार्य यशवंत राज महिला ने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा आम, नीम, जामुन, अनार, नीबू, बेल, करंज, अमरूद एवं करंज आदि के लगभग 200 पौधे रोपे गए हैं। इस दौरान ईको क्लब के सदस्यों एवं रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा कांटे, ट्री गार्ड एवं स्टील के तार से घेरा कर पौधों की सुरक्षा व्यवस्था की गई। ईको क्लब के प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि छात्र-छात्राओं को वृक्ष मित्र बनाया गया है। विद्यार्थी स्वयं के द्वारा रोपित पौधे का नामकरण कर उसकी सुरक्षा एवं वृद्धि की निगरानी करेंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव, रासेयो जिला संगठक देवानंद




बोरकर, आर के खांडेकर, भानु राम वर्मा, प्रशांत शुक्ला, अक्षय वर्मा स्वयं सेवक, नागेन्द्र जायसवाल, दिलीप कुमार वर्मा, आनंद घृतलहरे, राजा बाबू कुर्रे, अरुण कुमार केवट, सरोजनी, सुमन, कमला साहू, आरती बंजारे, महेश एवं प्रमोद दास आदि उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण दिनांक – 13 अगस्त 2019

## अभियान... स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर कृमि नाशक दवा बांटी



लवन| शासकीय महाविद्यालय की रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने शनिवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर ग्राम कोलिहा के घर-घर जाकर कृमि नाशक एलबेंडाजोल की दवा बांटी। प्राचार्य वाईआर महिलाने ने बताया कि शेष विद्यार्थियों को 16 अगस्त को पुनः दवा दी जाएगी। स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को भोजन के पूर्व अच्छी तरह से हाथ साफ करने, नाखून छोटे रखने एवं शौचालय का उपयोग कर शौच उपरांत साबुन अथवा लिक्विड हैंडवाश से ही हाथ धोने की समझाइश दी। रासेयो जिला संगठक देवानंद बोरकर के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा, स्वयंसेवक रोहित वर्मा, हेमंत सेन, झंवर सिंह, अरुण कुमार, नूतन वर्मा, आरती बंजारे, भावना साहू, मुकेश, रंजिता साहू, जितेंद्र पांडेय आदि अभियान में शामिल रहे।

राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस दिनांक – 08 अगस्त 2019




TEACHER'S DAY CELEBRATION BY NSS VOLUNTEERS 05/09/2019

## शा.महाविद्यालय में हुआ मतदाता सत्यापन कार्यक्रम



**लवन.** शासकीय महाविद्यालय लवन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सत्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदा बाजार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में उक्त कार्य हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया. भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी डॉट इन में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के मतदाता परिचय पत्र सम्बन्धी जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है. स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि अभी तक कुल 32 छात्र-छात्राओं के एपिक सत्यापित किये गये हैं. यह कार्य आगे भी जारी रहेगा. कुछ विद्यार्थियों के नाम एवं जन्म तिथि में आवश्यक सुधार किया गया है. शिविर में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव एवं आर के खांडेकर उपस्थित थे. डिजिटल सत्यापन के कार्य में छात्र विशाल मनहरे, छोटू साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक आनंद राम घृतलहरे ने योगदान दिया.

# लवन के सरकारी कॉलेज में हो रहा मतदाताओं का सत्यापन

लवन। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाविद्यालय लवन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सत्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य वायआर महिलाने ने बताया कि कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदा बाजार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में उक्तकार्य के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी डॉट इन में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं की मतदाता परिचय पत्र संबंधी जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि अभी तक 32 छात्र-छात्राओं के एपिक सत्यापित किए गए हैं। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। कुछ विद्यार्थियों के नाम और जन्मतिथि में आवश्यक सुधार की कार्यवाही की गई है। शिविर में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव एवं आरके खांडेकर उपस्थित रहे। डिजिटल सत्यापन के कार्य में छात्र विशाल मनहरे, छोटू साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों आनंद राम घृतलहरे, रोहित वर्मा आदि ने सराहनीय कार्य किया।



सत्यापन कराने के लिए पहुंचे मतदाता। • नईदुनिया

मतदाता सत्यापन कार्यक्रम दिनांक 16–17 सितंबर 2019




BLOOD DONATION CAMP BY RED RIBBON CLUB AND NSS 29/08/2019
TOTAL 104 UNITS OF BLOOD WERE VOLUNTARILY DONATED



# शिविर में कॉलेज के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों और युवाओं ने 104 यूनिट रक्तदान किया

लवन| स्थानीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंच लाहोद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर हुआ। इसमें रासेयो के स्वयंसेवकों, अन्य छात्र-छात्राओं तथा लोगों ने शामिल होकर 104 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 43 यूनिट खून दिया।

प्रभारी प्राचार्य वाईआर महिलाने ने कहा कि रक्तदान करना महान कार्य है, जिससे अनेक लोग लाभान्वित हैं। युवाओं को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। रेड रिबन क्लब एवं रासेयो के प्रभारी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति के रक्तदान से लगभग 3 की जान बचाई जा सकती है।

शिविर में रक्तदान करता व्यक्ति।

समाज सेवी संस्था युवा कल्याण मंच के संयोजक राम कुमार साहू ने कहा कि उनके द्वारा हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की सेवा की जाती है।

कार्यक्रम में रेड क्रॉस ब्लड बैंक रायपुर से डॉ. डीवी बघेल, देवेंद्र दुबे, हितेश चंद्राकर, बबीता साहू, खुशबू साहू, युवा कल्याण मंच से लालेंद्र वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, गोपाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, नमन वर्मा, गोल्डी साहू, मोहन सेन, चूड़ामणि सिंघम, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव, रासेयो जिला संगठक देवानंद बोरकर, आरके खांडेकर आदि उपस्थित थे।

## इन युवाओं ने रक्तदान किया

कॉलेज के हरीश तिवारी, अक्षय वर्मा, मोंगरा साहू, रूखमणी साहू, यामिनी बार्वे, राहुल कुमार साहू, रोहित वर्मा, दामेश्वर वर्मा, बाबूलाल साहू, आनंद राम घृतलहरे, छोटू साहू, नामदेव साहू, सुनील कुमार भारती, नागेंद्र जायसवाल, वीरू लोधी, अमित बंजारे, डावेंद्र ध्रुव, भूपेंद्र वर्मा आदि ने रक्तदान किया।

# शासकीय महाविद्यालय लवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

## छात्र-छात्राओं के साथ ही जनसामान्य ने भी की भागीदारी

**लवन। नईदुनिया न्यूज**



रक्तादान करते छात्र।

महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंच लाहोद के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों अन्य छात्र छात्राओं तथा जनसामान्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वायआर महिलाने ने कहा कि रक्तदान करना महान कार्य है, जिससे अनेक स्वास्थ्य लाभ होते हैं, इसे युवाओं को नियमित अंतराल पर करना चाहिए। रेड रिबन क्लब एवं रासेयो के प्रभारी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि इस शिविर में कुल 104 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं का योगदान 43 यूनिट रहा। समाज सेवी संस्था युवा कल्याण मंच के संयोजक राम कुमार साहू ने कहा कि उनके द्वारा प्रति वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरत मंदों की सेवा की जाती है।

इस आयोजन में रेड क्रॉस ब्लड बैंक रायपुर से डॉ. डीवी बघेल, देवेन्द्र दुबे, हितेश चंद्राकर, बबीता साहू, खुशबू साहू, युवा कल्याण मंच से लालेंद्र वर्मा, पुष्पेन्द्र वर्मा, गोपाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, नमन वर्मा, गोल्डी साहू, मोहन सेन, चूड़ामणि सिंघम, डेनिश साहू, केशव सेन, सुशील साहू, संजय साहू, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ श्रीमती मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव, रासेयो जिला संगठक देवानंद बोरकर, आरके खांडेकर आदि उपस्थित थे।

हरीश तिवारी, अक्षय वर्मा, मोंगरा साहू, रूखमणी साहू, यामिनी बार्वे, राहुल कुमार साहू, रोहित वर्मा, दामेश्वर वर्मा, बाबूलाल साहू, आनंदराम घृतलहरे, छोटू साहू, नामदेव साहू, सुनील कुमार भारती, नागेन्द्र जायसवाल, वीरू लोधी, अमित बंजारे, डावेंद्र ध्रुव, भूपेंद्र वर्मा आदि ने रक्तदान किया।



## बलौदाबाजार /गरियाबंद /रायपुर जिला



# शासकीय महाविद्यालय लवन स्वच्छता में जिले में अव्वल

### डीके कॉलेज बलौदा बाजार को दूसरा व पलारी कॉलेज को मिला तीसरा स्थान

■ नवभारत रिपोर्टर। लवन.

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय की स्वच्छता इंटर्नशिप 2.0 में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

कलेक्टर द्वारा गठित निर्णायक समिति ने विभिन्न मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया. जिसमें लवन महाविद्यालय की टीम विजेता घोषित हुई. द्वितीय स्थान पर शास. डीके महाविद्यालय बलौदा बाजार तथा तृतीय शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी रहे. भारत सरकार के इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य किया. जिला स्तर में प्रथम स्थान अर्जित करने के बाद अब राज्य स्तर में इंटर्नशिप के दौरान किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया जायेगा. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं. राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक देवानंद बोरकर ने भी जिले में उल्लेखनीय कार्य करने पर महाविद्यालय की रासेयो इकाई की प्रसंशा की है. विजेताओं को सम्मानित करने हेतु महाविद्यालय के प्रांगण में अभिनंदन कर छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई. रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने इस उपलब्धि पर कलेक्टर, जिला प्रशासन तथा स्वच्छता अभियान हेतु सहयोग करने के लिए सम्बन्धित विद्यालय के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, स्वसहायता समूहों का आभार व्यक्त किया है. अभिनन्दन समारोह में सहायक प्राध्यापक लोकनाथ ध्रुव, आर के खांडेकर एवं समस्त अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

इस अवसर पर ईश्वर प्रसाद बन्दे, दिलीप वर्मा, रोहित वर्मा, रोहित साहू, झंवर सिंह, चंद्रकली ध्रुव, अरुण कुमार, नूतन वर्मा, प्रकाश चंद सेन, प्रांजल पांडेय, मंजूषा पांडेय, ललिता, त्रिवेणी ध्रुव, पुष्पा टंडन, हेमन्त कुमारए अंजनी साहू, भानुप्रताप वर्मा, गीता निषाद, प्रमोद दास, मोहन वर्मा, नागेन्द्र जायसवाल, सुनील वर्मा, रेखा टंडन, दिल कुमार वर्मा, आरती बंजारे, आर्यन वर्मा, अजीत कुमार, वरुण वर्मा, कामदेव साहू आदि स्वयं सेवक उपस्थित थे.



**कैडेटों ने यहां चलाया स्वच्छता अभियान**

इंटर्नशिप के दौरान रासेयो के स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम मुंडा, प्राथमिक शाला मुंडा, पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा, रामायण चौक, ग्राम कोलिहा, प्राथमिक शाला कोलिहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लवन, जवाहर नवोदय विद्यालय लवन, बाजार चौक लवन, ग्राम अहिल्दा, शा. पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माधयमिक शाला अहिल्दा आदि स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया. साथ ही प्लास्टिक उन्मूलन सम्बन्धित अनेक जागरूकता कार्यक्रम किये.

---

**उपलब्धि** युवा कल्याण व खेल मंत्रालय ने किया आयोजन

# स्वच्छता इंटर्नशिप में लवन महाविद्यालय राज्य में द्वितीय








ANTI TOBACCO CAMPAIGN WITH DISTRICT HOSPITAL BALODA BAZAR AT NSS DAY



हरिभूमि

रायपुर - मध्यांचल भूमि

Date - 25 Sep'19

# लवन कॉलेज में मनाई एनएसएस की स्वर्ण जयंती

हरिभूमि न्यूज. लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना की स्वर्ण जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य वाय.आर. महिलाने ने की। उन्होंने आदर्श स्वयं सेवकों के गुणों से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया तथा सभी क्षेत्रों में अग्रणी रहने को प्रेरित किया।

- सुपोषित छत्तीसगढ़ स्वस्थ छत्तीसगढ़ की थीम पर किया कार्यक्रम का आयोजन

उक्त अवसर पर स्वयं सेवक दिलकुमार वर्मा एवं आरती बंजारे ने आंगनबाड़ी केंद्र खिरसेंटा एवं सिल्हा में सुपोषण हेतु किए गए प्रयासों का अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सूरज कुमार, पुष्पा टंडन एवं आरती बंजारे ने गीत की प्रस्तुति दी। पूर्व छात्र प्रांजल पांडेय एवं स्वयंसेवक ईश्वर प्रसाद कन्हे को राष्ट्रीय सेवा योजना के सी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मृदुला शुक्ला, लोकनाथ ध्रुव एवं आरके खांडेकर ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। राससेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच संचालन करण वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आर्यन वर्मा, अजित कुमार, राजा साहू, दिलीप वर्मा, मोहित साहू, झंकर सिंह, चंद्रकली ध्रुव, नूतन वर्मा, प्रकाश चंद सेन, प्रांजल पांडेय, मंजूषा पांडेय, ललिता, त्रिवेणी ध्रुव, सरोजिनी साहू, हेमन्त कुमार, अंजनी साहू, एमबलिन कुर्रे, गीता निषाद, प्रमोद दास, मोहन वर्मा, नागेन्द्र जायसवाल, रोहित वर्मा, थोला राम वर्मा, विशाल मनहरे आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### बताए एनीमिया एवं कुपोषण के लक्षण, दी रोकथाम की जानकारी

सुपोषित छत्तीसगढ़ स्वस्थ छत्तीसगढ़ की थीम पर आधारित समारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन से फिजियोथेरेपिस्ट किरणलता जोशी, स्टाफ नर्स धन कुमारी साहू, डीईओ अभिषेक साहू, काउंसलर डोंगे राम निराला द्वारा एनीमिया एवं कुपोषण के लक्षण एवं रोकथाम सम्बन्धी जानकारी प्रदान की।




MENTAL HEALTH DAY 10/10/2019

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस** — लवन कॉलेज में 'गेट कीपर ट्रेनिंग इन सुसाइड प्रिवेंशन' हुई कार्यशाला

# 'तनाव के विभिन्न स्तर हमारे स्वास्थ्य को करते हैं प्रभावित'

[illegible]



[illegible]

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

[illegible]



अध्यक्ष मौजूद रहे।

# रिबन क्लब की उन्मुखीकरण बैठक आयोजित



लवन। शासकीय महाविद्यालय लवन में रेड रिबन क्लब की सत्र 2019-20 हेतु उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार के ब्लड बैंक प्रभारी एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ.अशोक कुमार वर्मा एम. डी. पैथोलॉजी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कल्याण मंच लाहोद के संयोजक राम कुमार साहू उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छात्र छात्राओं को रक्त का स्वास्थ्य से सम्बन्ध एवं सामान्य स्वास्थ्य हेतु सजग रहने के लिए रेड रिबन क्लब एक प्रभावी माध्यम है ।

मुख्य अतिथि डॉ. वर्मा ने कहा कि रक्त ऐसा अमूल्य पदार्थ है जिसका कोई विकल्प नहीं है।

स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले व्यक्तियों के द्वारा अनेक पीड़ितों को जीवनदान दिया जाता है।18 से 60 वर्ष आयु का कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसका वजन 45 कि.ग्रा. हो और हीमोग्लोबिन 12.5% या अधिक हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार में किसी व्यक्ति से 1 यूनिट अर्थात 350 मिली रक्त प्राप्त किया जाता है । रक्त के आयतन में आई इस कमी को शरीर 48 घंटों में भरपाई कर लेता है ।

डॉ. वर्मा ने जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 34 दिनों तक रक्त ब्लड बैंक में रखा जा सकता है। समाज में रक्तदान को ले कर बहुत सी भ्रांतियां हैं, युवाओं को इसे दूर करना चाहिए।

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को रक्तदान करने के पूर्व एवं पश्चात रखने वाली सावधानियों, रक्त से सम्बन्धित विकारों तथा एच.आई. वी. संक्रमण के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई।

रेड रिबन क्लब के प्रभारी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 28 अगस्त को युवा कल्याण मंच लाहोद के सहयोग से महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें कुल 104 यूनिट एवं 43 यूनिट रक्तदान छात्र छात्राओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मृदुला शुक्ला, सहायक प्राध्यापक एल. एन. ध्रुव, आर.के खांडेकर, समस्त अतिथि व्याख्याता रासेयो स्वयंसेवक एवं छात्र छात्राएं विशाल मनहरे, आनंद राम, दिलीप वर्मा, राजा बाबू, नूतन वर्मा, झंवर सिंह, नामदेव साहू, चोला राम वर्मा, प्रकाश चंद सेन,रोहित वर्मा,दीपक टंडन, सोनप्रभा वर्मा,स्मिता नारंग, शालिनी डहरिया, अमृत बाई, मंजूषा पांडेय, रोशनी शांडिल्य, ललिता निषाद, अंजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।




DEBATE COMPETITION NYKS-NSS 23/10/2019

# भाषण में दिखा छात्र-छात्राओं में देशभक्ति का जज्बा

## नेहरू युवा केंद्र ने शास. महाविद्यालय लवन में किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**लवन/नईदुनिया प्रतिनिधि**

भारत सरकार के युवा कल्याण व खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय लवन में विकासखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश भक्ति व राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित इस स्पर्धा में क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों व ग्राम के युवाओं ने अपने विचार व्यक्तकिए। इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिनमें से प्रथम तीन अब जिला स्तर पर भाग लेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय ताम्रकार, पार्षद नगर पंचायत लवन, विशिष्ट अतिथि जेएस राजपूत सहायक उप निरीक्षक पुलिस चौकी लवन थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. मृदुला शुक्ला ने की। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र और देशभक्तिकी



प्रतिभागियों के बीच अतिथिगण व स्टाफ। ● नईदुनिया

अवधारणा को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। सार विचार यह उद्धत हुआ कि वह युवा देशभक्तहैं जो सजग रहते हुए अपने देश के संविधान में निहित मूल्यों को चरितार्थ करे तथा वह जिस भी क्षेत्र से जुड़ा हो अपना कार्य उत्कृष्टता तथा ईमानदारी से करे। निर्णायक के रूप में उपस्थित अतिथिद्वय सहायक प्राध्यापक आरके खांडेकर, अतिथि व्याख्याता इंदु साहू ने मूल्यांकन किया। प्रथम स्थान पर शास. दौलतराम शर्मा महाविद्यालय कसडोल की छात्रा.मोनिका मिश्रा, द्वितीय ओमकुमार घृतलहरे व तृतीय स्थान पर शास. महाविद्यालय लवन के जितेंद्र कुमार पांडेय रहे।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक लोकनाथ ध्रुव, निरंजन दास आरक्षक पुलिस चौकी लवन, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक बलौदा बाजार ईश्वर प्रसाद बन्दे,कसडोल से दीक्षा तिवारी व शारदा पैकरा तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. स्मिता जायसवाल, बलराम साहू, राकेश डहरिया, चमन आडिल, कुंजल राम, जागृति वर्मा, नंदिनी साहू, डेनुलता सिन्हा, राजकुमारी साहू, रासेयो स्वयंसेवक विशाल मनहरे, वरुण वर्मा,अमृता बाई, दिलीप वर्मा, आनंद राम, राजा बाबू, पुष्पा टंडन, चोला राम, नागेंद्र, वरुण वर्मा, आरती बंजारे, अजय नरांगे आदि इस आयोजन में सम्मिलित हुए।



VIGILANCE AWARENESS PLEDGE 30/10/2019



VILLAGE CLEANLINESS DRIVE



PLANTATION AT COLLEGE CAMPUS



WALL PAINTING AT CYCLE STAND OF COLLEGE



FACULTY MEMBERS AND NSS VOLUNTEERS DONATING STATIONARY ARTICLES FOR UNDERPRIVILEGED STUDENTS



CLEANLINESS DRIVE AT VILLAGE KOLIHA- RAMAYAN CHOWK



ALBENDAZOLE TABLET DISTRIBUTION AT DEWORMING WEEK 2019



ALBENDAZOLE TABLET DISTRIBUTION AT DEWORMING WEEK 2019



TOBACCO AND SUBSTANCE ABUSE IN SOCIETY- WOKSHOP BY NSS




NO TOBACCO ZONE


धूम्रपान रहित क्षेत्र,
यहाँ धूम्रपान करना
एक अपराध है ।
उल्लंघन करने पर 200/– रूपये तक जुर्माना किया जाएगा।
अगर आप कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते दिखाई देता है
तो कृपया निम्न अधिकारी को शिकायत करें ।
1. श्री/श्रीमति यशवंत राज महिलाने
2. पद्नाम प्रभारी प्राचार्य
3. मोबाईल. नं. 81037-89336
4. ईमेल lawancollege_2009@rediffmail.com
निर्मल # 9806435410
राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला एन.सी.डी. सेल, बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)



NATIONAL NUTRITION WEEK OBSERVED AT GOVERNMENT COLLEGE LAWAN



HEALTH DEPARTMENT WORKERS SHARING VIEWS ON ROLE OF ICDS





KRISHI PARICHARCHA- AGRICULTURE DEPT. KASDOL AND GOVT. COLLEGE LAWAN




VOTER AWARENESS PROGRAMME- SVEEP –NSS- DISTRICT ADMINISTRATION




SUICIDE PREVENTION – GATEKEEPER TRAINING AT WORLD MENTAL HEALTH DAY


Risk Factors जोखिम
पिछला आत्महत्या का प्रयास
मानसिक विकार
मादक द्रव्यों के सेवन के विकार
आत्महत्या का पारिवारिक इतिहास
आवेगी और आक्रामक प्रवृत्ति
मानसिक स्वास्थ्य उपचार तक पहुँचने में बाधाएँ
कलंक की वजह से मदद लेने की अनिच्छा
RISK





NATIONAL INTEGRATION DAY



# महाविद्यालय लवन में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**लवन ( कुबेरभूमि )** । शासकीय महाविद्यालय लवन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ मृदुला शुक्ला ने भारत को एकीकृत करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका के साथ-साथ देश की एकता एवं अखंडता के बारे में उनके दर्शन पर भी प्रकाश डाला एवं समाज में एकता की प्रासंगिकता पर विचार प्रस्तुत किए। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो लोकनाथ ध्रुव ने कहा कि एकता दिवस पर युवाओं को संविधान में निहित सांप्रदायिक सद्भावना के मूल्यों को अपने जीवन में अंगीकृत करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा द्वारा राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई गई एवं सोशल मीडिया पर उपस्थित सामग्री की सत्यता के विश्लेषण उपरांत ही प्रसारण करने एवं सभी की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता बलराम साहू, इंदु साहू,राजकुमारी साहू,जागृति वर्मा, राकेश डहरिया, साधराम निषाद,गुलशन वर्मा, कुंजल राम मरार, चमन आडिल रासेयो स्वयंसेवक रोहित वर्मा, दिल कुमार वर्मा, अजित कुमार, हेमकिरण साहू, अनिल जोशी,सरोजिनी साहू, अरुण केंवट,कमला साहू, गेंद राम,मोंगरा साहू, आदि उपस्थित रहे।

1.11.19




PARTICIPATION OF VOLUNTEER IN NIC




RECOGNITION OF COLLEGE'S EFFORTS IN RAISING AWARENESS ABOUT HIV-AIDS & VOLUNTARY BLOOD DONATION BY THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE, GOVERNMENT OF INDIA






FELICITATION OF RED RIBBON CLUB BY MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA, NEW DELHI, 01/12/2019




WORLD AIDS DAY 2019





NSS VOLUNTEER – SURVEY OF NARVA GARUWA GHURWA BADI – FLAGSHIP SCHEME OF CHHATTISGARH GOVERNMENT



CAMPUS CLEANLINESS DRIVE




NSS VOLUNTEERS VISIT TO NATIONAL TRIBAL DANCE FESTIVAL RAIPUR



NSS VOLUNTEERS INSTALLING ROAD SIGN BOARDS



SOCIAL MEDIA WORKSHOP FOR VOLUNTEERS AND STAFF BY NSS



NSS CAMP AT VILLAGE MUNDA 11-17 JAN 2020







KRISHI PARICHARCHA AT NSS CAMP MUNDA



INTELLECTUAL DISCUSSION AT NSS CAMP





VISIT OF STATE NSS HEAD AT NSS CAMP MUNDA




FIT INDIA- CYCLE RALLY AT GOVT COLLEGE LAWAN




SOCIAL MEDIA TRAINING- INVITED LECTURE BY PROGRAM OFFICER AT GOVT MINIMATA GIRLS COLLEGE BALODA BAZAR



SOCIAL MEDIA TRAINING- INVITED LECTURE BY PROGRAM OFFICER AT GOVT DRS PG COLLEGE KASDOL


ESSAY COMPETITION ON GENDER SENSITIZATION BY NSS UNIT







RANGOLI COMPETITION ON GENDER SENSITIZATION BY NSS UNIT




PARTICIPATION AT DISTRICT LEVEL SVEEP PROGRAM -25 JANUARY 2020




FELICITATION OF CAMPUS AMBASSADOR- SVEEP BT DISTRICT COLLECTOR


राष्ट्रीय मतदाता दिवस
25 जनवरी 2020




REPUBLIC DAY CELEBRATION BY NSS VOLUNTEERS 2020

COVID -19

MASK CONTRIBUTION BY NSS VOLUNTEERS






SINNI






WORLD ENVIRONMENT DAY AT HOME – 05/06/2020

हरिभूमि
रायपुर - मध्यांचल भूमि
22 Jun 2020

# योग करते हुए बनाया वीडियो



लवन ग्रामीण। शासकीय महाविद्यालय लवन के प्राध्यापकों और छात्र छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस वर्ष के विषय घर पर योग और परिवार के साथ योग का पालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने प्रातः काल से योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। अनेक छात्र छात्रों ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की वीडियो ब्लॉगिंग प्रतियोगिता 'माय लाइफ-माय योगा' में स्वयं के बनाये वीडियो भी अपलोड किये जो, कि युवाओं में योग के लिए बढ़ते उत्साह को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर युवाओं ने संकल्प लिया कि वे अवसर विशेष पर नहीं अपितु प्रतिदिन योग कर इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न और अनिवार्य अंग बनाएंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि कोविड 19 से संघर्ष के इस काल में योग की महत्ता और भी बढ़ जाती है क्यूंकि यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है एवं इसके साथ ही तनाव को कम कर मानसिक शांति उपलब्ध कराता है। कोरोना वायरस श्वसन तंत्र पर आक्रमण करता है ऐसे में अनुलोम विलोम, शीतली, कपालभाति, भ्रामरी, भस्त्रिका आदि प्रकार के प्राणायाम अत्यंत लाभप्रद हैं।



तर
विभिन्न



लोगों ने
ट्रीय
योग

## नियमित रूप से करें योग

## हरीश का नवोदय में चयन




PLANTATION AT VILLAGE MUNDA JULY 2020



PLANTATION BY NSS VOLUNTEERS





VOTER AWARENESS DRAMA

# NSS VOLUNTEERS OF GOVT. COLLEGE, LAWAN DIST.- BALODABAZAR-BHATAPARA (C.G.)


## MOBILISING CITIZENS FOR COVID VACCINATION



प्रमाणित किया जाता है कि
कु० परमेश्वरी साहू (NSS छात्रा
शा० महाविद्यालय लवन) दिनांक 02/04/21
से 03/04/21 तक प्रात: 10.00 से 5.00 तक
वेक्सीन सेंटर कोहरौद में कोविड-19
वेक्सीन लगाने में लोगो का सहयोग
किया। हम उसकी उज्वल भविष्य
की कामना करते है।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता
उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोहरौद






# नवोदय परीक्षा की कराई जा रही तैयारी

शासकीय कॉलेज लवन की रासेयो इकाई के स्वयंसेवको करा रहे प्रवेश परीक्षा की तैयारी। • नईदुनिया

**लवन/नईदुनिया न्यूज**

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न ग्रामों के प्राथमिक विद्यालयों में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। जिससे बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रभारी प्राचार्य वायआर महिलाने ने बताया कि संस्थागत सामाजिक जिम्मेदारी निर्वहन करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम पैजनी और कोलिहा में स्वयंसेवक वरुण कुमार वर्मा, लेख राम वर्मा और आर्यन वर्मा द्वारा कक्षा पांचवी के छात्र छात्राओं को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम अनुसार गणित, तार्किक क्षमता आदि विषयों का अध्यापन करा कर प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है। पहली बार प्रवेश परीक्षा दे रहे विद्यार्थी रुचि पूर्ण पद्धति होने के कारण बड़ी संख्या में कक्षा में उपस्थित हो रहे हैं।

शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी के प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा, विनोद पटेल, मनूलाल ध्रुव एवं प्राथमिक शाला कोलिहा के प्रधान पाठक भीमकुमार वर्मा, रजनी गिरी तथा लेखराम वर्मा आदि ने इस कार्य में सहयोग किया तथा स्वयंसेवकों की सामाजिक चेतना की सराहना की है।

NAVODAYA ENTRANCE EXAMINATION CLASSES BY NSS VOLUNTEERS







NSS VOLUNTEERS MOBILIZING CITIZENS FOR COVID 19 VACCINATION

# कोविड, उपयुक्त व्यवहार विषय पर हुआ प्रशिक्षण

**लवन.** शासकीय महाविद्यालय लवन में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा रायपुर के सौजन्य से कोविड 19 उपयुक्त व्यवहार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रशासन अकादमी के सहायक प्राध्यापक सुरेश मणि त्रिपाठी द्वारा प्राध्यापकों, गैर शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र छात्राओं को वैश्विक महामारी कोरोना को नियंत्रित तथा समाप्त करने हेतु व्यवहारात्मक परिवर्तनों की आवश्यकता पर प्रशिक्षण दिया गया. उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में देश तथा प्रदेश में कोविड के आंकड़ों में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है, किन्तु कुछ राज्यों में पुनः कोविड के मरीजों की वृद्धि हो रही है. युवा इस घड़ी में अपनी नैतिक तथा सामजिक जिम्मेदारी को पूर्ण करते हुए कोविड उपयुक्त व्यवहार करें. प्रत्येक छात्र की जिम्मेदारी है कि




वह अपने सुरक्षा कवच को कम न होने दे और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए कोविड संबंधी उचित व्यवहार का पालन करे. प्रभारी प्राचार्य वाय आर महिलाने ने कहा कि कोविड से सुरक्षा हेतु महाविद्यालय में शासन तथा यूजीसी द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है. प्रशिक्षण में सहायक प्राध्यापक लोकनाथ ध्रुव, अजय मिश्रा, संतोष कुमार पटेल, आर.के खांडेकर, अतिथि व्याख्याताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



EXAMINATION HELP DESK


STRRET PLAY BY NSS VOLUNTEERS




# लवन कालेज के शिविर में 468 लोगों ने लगवाया कोरोना टीका

**लवन (नईदुनिया न्यूज)।** शासकीय महाविद्यालय लवन जिला वलौदावाजार भाटापारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग जिला वलौदा वाजार भाटापारा के सहयोग से पांच दिवसीय टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य यशवंत राज महिलाने के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में वड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिकगण लाभान्वित हुए।

प्रभारी प्राचार्य महिलाने ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध टीकाकरण ही सबसे प्रभावी माध्यम है। इससे जुड़ी हुई भ्रांतियों को त्याग कर छात्र-छात्राएं स्वयं तथा परिवारजनों एवं पड़ोसियों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। भविष्य में





शासकीय महाविद्यालय लवन में लगाए गए शिविर में टीका लगवाती हुई महिला। ● नईदुनिया

महाविद्यालय में भौतिक कक्षाएं प्रारंभ होने पर भी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि उक्त शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के 419 छात्र-छात्राओं को कोविशिल्ड तथा कोवैक्सीन के प्रथम डोज का टीका लगाया गया वहीं 45 वर्ष से अधिक आयु के तीन लाभार्थियों को प्रथम डोज तथा 46 व्यक्तियों को द्वितीय डोज का टीका लगाया गया। इस प्रकार पांच दिनों में कुल 468 लाभार्थियों का टीकाकारण किया गया। उन्होंने वैक्सीन की निर्वाध आपूर्ति के लिए सीएमएचओ डा. खेमराज सोनवानी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश कुमार प्रेमी का आभार व्यक्त किया। पांच दिवसीय टीकाकरण शिविर में स्वास्थ्य विभाग से वीपीएम थानेश्वर पटेल, पर्यवेक्षक एमआर आडिल, आरएचओ संतोष साहू, महावीर पैकरा, ऋतु निदान, आरती वार्वे, हरीश चंद वर्मा, गिरिजा जांगड़े, विमल टंडन, प्रेम नारायण वर्मा, काउंसलर नीरेंद्र पटेल, आरएमए कविता साहू तथा समस्त अतिथि व्याख्याताओं ने सहयोग प्रदान किया।


2020.12.08 12:59


राष्ट्रीय सेवा योजना
unicef







SECL TOILET SURVEY BY NSS VOLUNTEERS (150 SCHOOLS)




WEBINAR ON COVID 19 VACCINATION HESITANCY AND EAGERNESS
(CHIEF SPEAKER – DR KHEMRAJ SONWANI, CMHO, DR RAKESH KUMAR, BMO LAWAN)

# शासकीय लवन कालेज में मनाया रासेयो का स्थापना दिवस, उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कार



उल्लेखनीय कार्य के लिए स्वयंसेवक को पुरस्कृत किया गया। ● नईदुनिया

**लवन (नईदुनिया न्यूज)।** शासकीय महाविद्यालय लवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का 52वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वायआर महिलाने की अध्यक्षता में हुए आयोजन में रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की अर्चना की गई।

